समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

राजीव गांधी विद्या भवन, द्वितीय तल, शिक्षा संकुल
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, जयपुर – 17
फोन न. 0141–2715518, Email :- rajsmsa.girlsedu@rajasthan.gov.in

## अंतर–राज्यीय डायवरसिटी एक्सप्लोरेशन भ्रमण
## दिशा–निर्देश सत्र 2024–25

**संकल्पना–**

2015 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत किए गए "एक भारत श्रेष्ठ भारत" कार्यक्रम की शुरूआत भारत की विविधता को एकता के रूप में मनाने के लिए की गई थी। यह पहल राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ाने, हमारी विविध धरोहर और संस्कृति का प्रदर्शन करने, अर्थपूर्ण व्यापारों की अनुकूलित प्रगति करने, और एक अनुकूल शिक्षा परिवेश को उत्पन्न करने का प्रयास करती है। राज्यों के साझा विचार के सिद्धांत के माध्यम से, अंतर–राज्यीय संबंधों को वढ़ावा देने और विभिन्न राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेश के लोगों के बीच सामंजस्य को बढाने के उद्देश्य से यह गतिविधि करायी जाती रही है।

वर्तमान में प्रौद्योगिकी ने कनेक्टिविटी और संचार के माध्यमों से दूरियों को काफी हद तक कम कर दिया है। साथ ही, सामंजस्य और विश्वास देश की शक्ति के आधार हैं। इसके लिए बहुत आवश्यक हैं कि छात्र भारत के प्रत्येक राज्य में सांस्कृतिक रूप से एकीकृत महसूस करे।

**लक्ष्य–**

सीखने की प्रक्रिया को सुदृढ करने और प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2024–25 के दौरान राज्य के समस्त कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों की छात्राओं के लिए अंतर–राज्यीय (मध्यप्रदेश, गुजरात, पंजाब और उत्तरप्रदेश) "डायवर्सिटी एक्सप्लोरेशन भ्रमण" किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को अन्य राज्यों की भाषा, साहित्य, त्यौहार, सांस्कृतिक आयोजन, पर्यटन, खान–पान आदि क्षेत्रों में एक–दूसरे के बारे में जानने का मौका मिलेगा। भ्रमण के पश्चात् केजीबीवी विद्यालयों की छात्राएं अन्य बालिकाओं के साथ अपना अनुभव साझा करेंगी। साथ ही प्रति वर्ष होने वाले किशोरी मेले में भी अलग–अलग माध्यम से अपने अनुभवों को साझा करेंगी।

अन्तर्राज्यीय डायवरसिटी एक्सप्लोरेशन भ्रमण के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं :–

i- सांस्कृतिक विविधता को समझना एवं छात्राओं को अन्य राज्यों की विभिन्न संस्कृति, परंपराओं, भाषाओं, और लोक कलाओं से अवगत होने के अवसर उपलब्ध कराना।

ii- राज्य की शिक्षा प्रणाली का अनुभव :– छात्राओं को अन्य राज्यों की शिक्षा प्रणाली (वातावरण) का अनुभव करने का अवसर प्रदान करना है।

Signature valid
Digitally signed by Avichal Chaturvedi
Designation : State Project Director
Date: 2024.06.26 10:50:38 IST
Reason: Approved

iii- नए दृष्टिकोण का विकासः– छात्राओं को अन्य राज्यों की जीवनशैली, व्यवहार और समाज को देखने एवं दृष्टिकोण को समझने का अवसर उपलब्ध कराना हैं।

iv- सामाजिक संवादः– अन्य राज्यों के विद्यार्थियों एवं वहां के स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर छात्राओं का सामाजिक विकास के अवसर प्रदान कराना है।

v- वर्तमान परिप्रेक्ष्य में राष्ट्र निर्माण हेतु विभिन्न राज्यों/क्षेत्रों के निवासियों के मध्य सांस्कृतिक विनिमय स्थापित करना बहुत महत्वपूर्ण है।

**अन्तर्राज्यीय भ्रमण हेतु छात्राओं के चयन का आधार :**

- छात्राओं का चयन शैक्षिक रूप से श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।
- यदि किसी परिस्थितिवश प्रथम स्थान प्राप्त बालिका भाग नहीं ले पाती है तो इस स्थिति में द्वितीय स्थान प्राप्त छात्रा का चयन किया जाएगा जिसकी सूचना भ्रमण से पूर्व परिषद कार्यालय को कारण सहित प्रेषित की जानी आवश्यक है।

| गतिविधि का विवरण | कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं मेवात बालिका आवासीय विद्यालय | बालिकाओं की संख्या | चयनित कक्षा की बालिका | चयन का आधार |
|---|---|---|---|---|
| अंतर्राज्यीय ब्रइयर्सिटी एक्सप्लोरेशन लर्निंग. विजिट | टाइप-1 | 55 | कक्षा 7 | बालिका जिसने सत्र 2023-24 में इन कक्षाओं में शैक्षिक रूप से सबसे अच्छा प्रदर्शन किया हो। |
| | टाइप -3 | 259 | कक्षा 8 एवं 10 | |
| | टाइप -4 | 128 | कक्षा 10 | |
| | मेवात बालिका आवासीय विद्यालय | 10 | कक्षा 7 | |
| Total | | 452 | | |

**अन्तर्राज्यीय भ्रमण की तैयारी से सम्बन्धित निर्देश–**

1. **प्रत्येक केजीबीवी से शैक्षिक रूप से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली एक ही छात्रा का चयन करना होगा।**
2. **टाईप–3 की केजीबीवी से कक्षा 06–08 की एक छात्रा एवं कक्षा 09–12 की एक छात्रा का चयन किया जाएगा।**
3. भ्रमण से पूर्व ही चयनित छात्राओं के माता–पिता से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।
4. छात्राओं के भ्रमण पर जाने से पूर्व सामान्य स्वास्थ्य जाँच हो।
5. उक्त भ्रमण अक्टूबर 2024 से पूर्व किया जाना प्रस्तावित है।
6. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक व परिषद् भ्रमण दल के लिये ट्रांसपोर्ट व्यवस्था, ठहरने की व्यवस्था, भोजन,चाय–नाश्ता आदि हेतु दल प्रभारी नियुक्त करेगा।
7. लर्निंग विजिट हेतु राज्य के स्थानों का चयन औचित्यपूर्ण तरीके से किया जाये एवं विस्तृत एजेंडा तैयार किया जाये।

Signature valid

Digitally signed by Avichal Chaturvedi
Designation : State Project Director
Date: 2024.06.26 10:50:38 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref 782896

8. बालिकाओं को जिस राज्य का भ्रमण करवाया जा रहा है भ्रमण से पूर्व उस राज्य से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण जानकारी छात्राओं को दी जाये, जिससे भ्रमण और ज्यादा ज्ञानवर्द्धक एवं रूचिपूर्ण हो सके।

9. परिषद् स्तर से भुगतान स्वीकृति उपरान्त इस गतिविधि का आयोजन किया जाये।

(अविचल चतुर्वेदी)
राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त

क्रमांक : 1779 दिनांक : 26-06-2024

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

1 निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल एवं संस्कृत शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2 निजी सचिव, निदेशक प्रारंभिक / माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर, राजस्थान।
3 जिला कलेक्टर्स, समस्त जिले।
4 निजी सचिव, निदेशक, आरएससीईआरटी।
5 निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
6 निजी सहायक, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक –1, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर।
7 निजी सहायक, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक–2, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर।
8 वित्त नियंत्रक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
9 अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान, समस्त जिलों को प्रेषित कर लेख है कि पत्र की प्रति सभी संबंधित सी.बी.ई.ओ एवं प्रधानाध्यापिका केजीबीवी को भिजवाना सुनिश्चित करें।
10 समस्त, जिला प्रभारी अधिकारी, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर, ।
11 संबंधित ब्लॉक के सीबीईईओ एवं पीईईओ।
12 प्रधानाध्यापिका / वार्डन समस्त केजीबीवी।
13 रक्षित पत्रावली।

Signature valid
Digitally signed by Avichal Chaturvedi
Designation : State Project Director
Date: 2024.06.26 10:50:38 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref
7828964